मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-302
06/06/2020

केन्द्रीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल की मॉ एवं महाराष्ट्र के माटुंगा की पूर्व विधायक चन्द्रकांता गोयल के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 06 जून 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल की मॉ एवं महाराष्ट्र की माटुंगा की पूर्व विधायक चन्द्रकांता गोयल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक प्रख्यात राजनेत्री एवं समाजसेवी थीं। वे महाराष्ट्र की माटुंगा विधान सभा सीट से तीन बार विधायक भी रही थीं। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******